Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-१५ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ अगस्त २०२२ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री २६ जुलाई, २०२२ को चेन्नई में अन्ना विश्वविद्यालय के ४२वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए।

## भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बन रहा है एक महत्वपूर्ण कड़ी-पीएम मोदी

पसूका/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चेन्नई में अन्ना विश्वविद्यालय के ४२वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों को डिग्री मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा की भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन रहा है। आपने अपने दिमाग में पहले से ही अपने लिए एक भविष्य बना लिया होगा। इसलिए आज का दिन न केवल उपलब्धियों का बल्कि आकांक्षाओं का भी है। प्रधानमंत्री ने उन्हें कल का नेता बताते हुए, मातापिता के त्याग और विश्वविद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के समर्थन के बारे में भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने भारत के युवाओं की संभावनाओं के बारे में विवेकानन्द के शब्दों को याद किया, जो उन्होंने १२५ साल पहले मद्रास के नाम से जाने वाले इस नगर में कहा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ष्पूरी दुनिया भारत के युवाओं को आशा के साथ देख रही है। क्योंकि आप देश के विकास के इंजन हैं और भारत दुनिया का विकास इंजन है। प्रधानमंत्री ने अन्ना विश्वविद्यालय के साथ पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जुड़ाव को भी याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा, उनके विचार और मूल्य आपको हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

## माईगव ने नागरिकों को सरकार से जुड़ने में की मदद - अश्वनी वैष्णव



पसूका/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनभागीदारी की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए, इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ३० जुलाई, २०२२ को नई दिल्ली में "माईगव के ८ साल" का उत्सव मनाने के लिए दिनभर चलने वाले एक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर, जी२० शेरपा अमिताभ कांत और क्षमता निर्माण आयोग के सचिव हेमंग जानी सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित थीं। माईगव ने भारत बाला, फिल्म निर्देशक एवं निर्माता, वर्चुअल भारत सुप्रिया पॉल, निदेशक एवं सह-संस्थापक, जोश टॉक्स: आशीष चक्रवर्ती, कार्यकारी निदेशक, इंडिया हेड अ फ क्रिएटिव, मैककैन वर्ल्ड ग्रुप तथा गिरिराज किराड़ू, नेशनल हेड, लोकल लैंग्वेजेज, योर स्टोरी सहित भारतीय रचनात्मक उद्योग की प्रमुख हस्तियों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'युवाओं के लिए जिम्मेदार एआई २०२२' का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने माईगव २.० के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और कहा, "प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ-साथ माईगव जैसे प्लेटफार्मों ने बड़े पैमाने पर सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के संपूर्ण लाभों को नागरिकों तक पहुंचने में समर्थ बनाया है।

मैं माईगव टीम को आठ साल पूरे करने पर बधाई देता हूं। माईगव भारत सरकार का नागरिकों के साथ जुड़ाव वाले मंच, माईगव (उलहवअ.पद) का शुभारंभ २६ जुलाई २०१४ को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था और इसे 'कार्रवाई', 'विमर्श' और 'प्रसार' के तीन स्तंभों पर तैयार किया गया है। अपनी शुरुआत के बाद से, माईगव नागरिकों के लिए राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपने अनूठे कौशल का योगदान करने के एक समग्र मंच के रूप में विकसित हुआ है।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
>
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

## सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु जरूरी होगी परिवार की आईडी



रे.स.ब्यूरो./सूत्र लखनऊ: प्रत्येक परिवार को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं का आसानी से लाभ दिलाने के लिए प्रदेश में 'परिवार कल्याण योजना' के क्रियान्वयन की तैयारी तेज हो गई है। प्रत्येक परिवार का इस योजना के तहत पहचान पत्र बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने शनिवार दिनांक २३.०७.२०२२ को योजना को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ लेने और प्रमाण पत्र बनवाने में भविष्य में यह आईडी जरूरी होगी। परिवार के पहचान पत्र के डाटा के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिन परिवारों के राशन कार्ड बने हैं, उनकी राशनकार्ड संख्या ही परिवार की आईडी होगी। जो परिवार राशन कार्ड के पात्र नहीं है उन्हें अ नलाइन पोर्टल से निशुल्क परिवार आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के लिए सभी विभागों को एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा। योजना के क्रियान्वयन में विभिन्न विभागों का डाटा परिवार ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ा जाएगा।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
>
> महात्मा गांधी

# सप्ताह भर चले उत्सव 'आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशनों' का समापन समारोह



पसूका/नई दिल्लीः संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, रेल और कोयला एवं खान राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे, रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रतिमा भौमिक ने दिनांक २३.०७.२०२२ को नई दिल्ली में आयोजित सप्ताह भर चलने वाले उत्सव 'आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशनों' के समापन समारोह में भाग लिया। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ वी.के. त्रिपाठी और रेलवे बोर्ड एवं उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रल्हाद जोशी ने कहा, "माननीय प्रधान मंत्री के मार्गदर्शन में, देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारतीय रेलवे ने इस प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान भारत भर में विभिन्न स्थानों पर कई स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करके एक उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया है। मैं आज के इस भव्य समारोह की मेजबानी करने के लिए और स्वतंत्रता सेनानियों के साथ बातचीत का अवसर देने के लिए भारतीय रेलवे को बधाई देता हूं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अनुभव निश्चित रूप से युवा पीढ़ी को राह दिखाएंगे और उनमें देशभक्ति की भावना जगाएंगे। समापन समारोह के दौरान विभिन्न स्थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानी और उनके परिवार के सदस्य समारोह में शामिल हुए। सभी जोनल रेलवे भी ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े देश भर में ७५ स्टेशनों और २७ ट्रेनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रेलवे द्वारा तैयार की गई एक फिल्म को कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया। भारत गौरव दिव्य काशी आदि अमावस्या एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से मदुरै से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उत्तर रेलवे के कलाकारों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। भारतीय रेलवे के सप्ताह भर चलने वाले समारोहों के दौरान हुए कार्यक्रमों में स्टेशन भवनों पर रोशनी और सजावट, स्टेशनों पर प्रदर्शनियां, फोटो गैलरी और डिस्प्ले लगाए गए थे। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर वीडियो क्लिप दिखाए गए और देशभक्ति के गीत बजाए गए। स्टेशन के महत्व को उजागर करने के लिए स्टेशन से संबंधित स्वतंत्रता संग्राम के सार वाले नुक्कड़ नाटक और प्रहसन का मंचन किया गया। प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान, कुछ ट्रेनों को सुरुचिपूर्ण ढंग से फूलों से सजाया गया और स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। देश 'आजादी का अमृत महोत्सव', आजादी के ७५ साल और भारत के अभूतपूर्व विकास और उन्नति का जश्न मना रहा है। इस अवसर पर भारतीय रेलवे ने लोगों और युवाओं को भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के उद्देश्य से स्वतंत्रता संग्राम में रेलवे की भूमिका को उजागर करने के लिए एक सप्ताह का उत्सव मनाया। यात्र करने वाली जनता और बड़े पैमाने पर लोगों के मन में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए उत्सव प्रभावशाली रहा। प्रतिष्ठित सप्ताह उत्सव का देश भर में बहुत प्रभाव देखने को मिला और यात्रा करने वाले लोगों और बड़े पैमाने पर लोगों के मन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करने के लिए फ्रीडम स्टेशनों और स्पॉटलाइट ट्रेनों के आसपास ये ज्यादा जीवंत था।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त स्तर का पुरस्कार समारोंह का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत दिनांक २२ जुलाई, २०२२ को महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब बिलासपुर स्तर का पुरस्कार वितरण समारोंह का आयोजन मुख्यालय के सभा गृह मे किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि अमिय नन्दन सिन्हा महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब, बिलासपुर के द्वारा कुल ४२ अधिकारी एवं बल सदस्यों को वर्ष २०२१-२२ में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया । साथ ही साथ रेल्वे सुरक्षा बल मे अच्छे कार्य करने के लिए भारतीय पुलिस पदक से सम्मानित, दस बल सदस्यों को भी आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त महोदय द्वारा इन्हे अलग से सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा रेल्वे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं बल सदस्यो को अच्छे कार्य करने के लिए सराहना की गयी, साथ ही साथ आगे और अच्छे कार्य करने के लिए उत्साह वर्धन किया गया।

इस कार्यक्रम में भवानी शंकर नाथ / उप महानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब, बिलासपुर, कुमार निशांत / उप मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब, बिलासपुर, ऋषि कुमार शुक्ला / वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेसुब, बिलासपुर पंकज चुघ / वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेसुब,नागपुर, संजय कुमार गुप्ता / मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेसुब, रायपुर, रेल सुरक्षा बल के रेल कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## महंगाई भत्ता में चार फीसदी होगी बढ़ोतरी

रे.स.ब्यूरो./सवा. महंगाई भत्ता (डीए) में अनुमान के मुताबिक चार फीसदी की बढ़ोतरी तय हो गई है। अब जुलाई के महीने से ३८ प्रतिशत डीए का लाभ मिलेगा। जिससे एक करोड़ से अधिक केंद्रीय एवं राज्य कर्मियों तथा पेंशनर्स को इसका लाभ होगा। वेतन और पेंशन निर्धारण के जानकार एजी ब्रदरहुड के पूर्व अध्यक्ष हरीशंकर तिवारी के अनुसार जुलाई महीने से ३८.४८ फीसदी डीए बनता है लेकिन महंगाई भत्ता न्यूनतम पूर्णांक में देय होता है। इसलिए जुलाई महीने से ३८ प्रतिशत डीए देय होगा। उन्होंने बताया कि अभी ३४ फीसदी डीए मिल रहा है।

# अनधिकृत वेंडरों पर हुई कार्यवाही

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज मण्डल के वाणिज्य एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत वेंडिंग तथा बिना उचित कारण के अलार्म चेल खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्रयागराज मंडल के रेलवे स्टेशनों में चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के क्रम में वर्तमान माह ०१ जुलाई २० २२ से २५ जुलाई २०२२ तक कुल ८३ लोंगो को बिना उचित कारण चेन खीचने वालों पर कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार किया गया साथ ही इसी सामान अवधि के दौरान अलीगढ़ जंक्शन पर ०३ लोगों को प्रयागराज जंक्शन पर ११ लोंगो को तथा कानपुर स्टेशन पर ०७ लोंगो को बिना उचित कारण चेन खीचने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। उन सभी पर रेलवे नियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए ४७,०४५/- रूपये जुर्माना स्वरुप वसूल किये गए। वहीं प्रयागराज मंडल में अवैध वेंडरों तथा ओवरचार्जिग की घटनाओं की रोकथाम के लिए मंडल द्वारा लगातार सभी स्टेशनों पर कार्यवाही की जा रही है।

# एक अगस्त से फिर शुरू होगी डीडीयू मेमू

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज कोविड की वजह से वर्ष २०२० में लगे लॉकडाउन से बंद चल रही सूबेदारगंज-पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) का संचालन एक बार फिर से शुरू होने जा रहा है। जो दैनिक यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। इसके चलने से प्रयागराज, नैनी, करछना, भीरपुर, मेजा रोड, ऊंचवाडीह, मांडा रोड के सैकड़ों दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इसे शुरू करने की मांग यात्री काफी समय से कर रहे हैं। सूबेदारगंज से ०३३३४ शाम ६.१० बजे चलकर ६.२५-६.३५ बजे प्रयागराज जंक्शन आएगी। इसके बाद डीडीयू तक पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर ठहरते हुए रात ११.५४ बजे दीन दयाल उपाध्याय पहुंच जाएगी। इसी तरह डीडीयू से ०३३३३ सुबह चार बजे चलकर सुबह ६.००-६.१० बजे प्रयागराज जंक्शन एवं ६.३० बजे सूबेदारगंज पहुंच जाएगी।

# योगेश कुमार श्रीवास्तव ने ग्रहण किया पीएफए, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. भारतीय रेल लेखा सेवा (IRAS) १९८८ बैच के के अधिकारी योगेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रधान वित्त सलाहकार (पीएफए), उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वह प्रधान वित्त सलाहकार, बीएलडब्ल्यू/ वाराणसी के रूप में कार्यरत थे। वाई. के. श्रीवास्तव भारतीय रेलवे के कुशल एवं तेजतर्रार अधिकारियों में से एक हैं, जिनको रेलवे और प्रशासन का व्यापक अनुभव है और उन्होंने पूर्वी रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, बीएलडब्ल्यू और उत्तर मध्य रेलवे में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके पूर्व २००६-२०१६ के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर उत्तर मध्य रेलवे में कार्य किया है तथा २०१८ और २०१६ में दो बार प्रधान वित्त सलाहकार/उत्तर मध्य रेलवे का प्रभार भी संभाल चुके है। उन्हें लेखा कार्यो के प्रत्येक पहलू का व्यापक अनुभव है। उन्होंने रेलवे में सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (ADFM)/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के रूप में कैरियर प्रारंभ किया।एक प्रशासक के अलावा, वह साहित्यिक कार्यो से दृढ़ता से जुड़े हुए हैं। प्रधान वित्त सलाहकार, बीएलडब्ल्यू/ वाराणसी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बीएलडब्ल्यू / वाराणसी के कैश एंड पे विभाग के मैनुअल की तैयारी में योगदान दिया।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
>
> महात्मा गांधी

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय में हिंदी नाट्य प्रतियोगिता २०२२ संपन्न



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर रेलवे बोर्ड के निदेशानुसार अखिल रेल नाट्य उत्सव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मंडलों एवं कारखानों से नाटक मंचन हेतु प्रविष्टियां मंगवाई गई थी. इस क्रम में रायपुर मंडल एवं मोतीबाग कारखाना के पात्र नाट्य दल को नाटक मंचन की अनुमति दी गई। नाटक का मंचन दिनांकः २२.०७.२०२२ को अध्यक्ष रेलवे भर्ती बोर्ड, बिलासपुर ए.के. मेश्राम के मुख्य आतिथ्य में किया गया । इस नाटक मंचन साकेत रंजन,मुख्य जनसंपर्क अधिकारी को निर्णायक के रूप में तथा भरत वेद, वरिष्ठ रंगकर्मी, निदेशक एवं लेखक को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने नाटक मंचन की बेहतरीन प्रस्तुति पर अपने विचार प्रकट करते हुए नाटक मंचन के इतिहास एवं वर्तमान संदर्भ की चर्चा की । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । नाटक मंचन की शुरूआत मोतीबाग कारखाना का ' कड़ुवा सच ' से हुई तथा दूसरा प्रस्तुति ' हम क्यूं नहीं गाते 'रायपुर मंडल ने की । इस नाट्य मंचन की प्रतियोगिता में दोनों टीमों ने बहुत ही सराहनीय प्रस्तुति दी जिसकी प्रशंसा मुख्य अतिथि एवं नाटकों के निर्णायकों द्वारा की गई। इस अवसर पर उपस्थित दर्शकों ने नाटक मंचन का भरपूर आनंद लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रायपुर मंडल द्वारा प्रस्तुत नाटक ' हम क्यूं नहीं गाते ' को तथा द्वितीय स्थान मोतीबाग कारखाना के 'कड़ुवा सच ' को मिला। इन दोनों टीमों को सामूहिक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । कार्यक्रम का संचालन विक्रम सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पीताम्बर लाल जाटवर, वरिष्ठ अनुवादक ने किया। राजभाषा विभाग, मुख्यालय एवं बिलासपुर मंडल के राजभाषा कर्मियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया ।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
>
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# अजय कुमार बिंद ने बर्लिन, जर्मनी में आयोजित १७वीं विश्व रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



रे.स.ब्यूरो./सूत्र बनारस रेल इंजन कारखाना के कर्मचारी अजय कुमार बिंद ने १३ से १६ जुलाई,२२ अंतरराष्ट्रीय रेलवे खेल संघ के तत्वाधान में बर्लिन, जर्मनी में आयोजित १७वीं यूएसआईसी क्रॉस कंट्री चौंपियनशिप – २०२२ के टीम स्पर्धा क्रॉस कंट्री दौड़ पूरा कर भारत को स्वर्णिम जीत दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस भारतीय क्रॉस कंट्री टीम स्पर्धा में अजय कुमार बिंद के अतिरिक्त अरुण कुमार, नरेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश एवं आर. आर. सैनी ने खिलाड़ी के रूप में प्रतिनिधित्व कर संयुक्त प्रयास से जीत हासिल की और पदक तालिका में भारत का नाम सबसे ऊपर रखने का गौरव प्राप्त किया। बिंद बरेका में प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र में फिटर पद पर प्रशिक्षणरत है। उनकी इस स्वर्णिम सफलता पर महाप्रबंधक अंजली गोयल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बिंद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

इस खबर की सूचना मिलते ही बरेका में खुशी की लहर दौड़ गयी।

बरेका खेलकूद संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक विजय, क्रीड़ा अधिकारी बहादुर प्रसाद एवं जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने भी बिंद को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# एक बार फिर शुरू होगी रामायण सर्किट रेल यात्रा

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. आईआरसीटीसी रामायण सर्किट रेल यात्रा की सफलता पर एक बार फिर से २४ अगस्त से रामायण यात्रा ट्रेन चलाने जा रहा है। यह यात्रा दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से २० दिनों के लिए होगी। पहले की तरह ट्रेन भगवान राम से जुड़े स्थलों अयोध्या, जनकपुर, सीतामढ़ी, बक्सर, काशी, प्रयागराज, चित्रकूट, नसिक, हंपी, रामेश्वरम, कांचीपुरम एवं भद्रचलम का दर्शन कराएगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी श्रेणी के कोच होंगे, जिसमें ६०० यात्री सफर कर सकेंगे। एक व्यक्ति के ठहरने पर ८४,००० व दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर ७३,५०० हजार प्रति व्यक्ति और एक बच्चे के लिए ६७,२०० हजार रुपये का पैकेज होगा। आईआरसीटीसी इस यात्रा में पहले १०० यात्रियों की बुकिंग पर पैकेज में पांच फीसदी की किराये में छूट भी देगा। वहीं दूसरी ओर पैकेज मूल्य का छह किस्तों में दो साल तक भुगतान करने की सुविधा होगी। रामायण यात्रा ट्रेन में बोर्डिंग की सुविधा दिल्ली, सफदरजंग, गाजियाबाद, अलीगढ़, टूंडला, कानपुर और लखनऊ से होगी।

> ''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''
>
> -सरदार वल्लभभाई पटेल



नव भारत के शिल्पकार, देशभर में विश्वस्तरीय सड़कों का सुगम जाल बिछाने वाले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी जी से दिल्ली में उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट व अभिवादन कर सुभाशीष प्राप्त किया और ब्रज चौरासी कोस यात्रा से संबंधित विकास परियोजना पर चर्चा की।

कुन्ज बिहारी चतुर्वेदी
जिला मंत्री - भाजपा मथुरा महानगर
सदस्य - क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति

## सम्पादकीय संकेत: शपथ का

राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू की जीत एक प्रतीक है, आदिवासी समुदाय से वे पहली महिला हैं, जो देश के शीर्ष पद पर पहुंची हैं। उन्होंने अपना कार्यभार भी संभाल लिया। उनसे स्वाभाविक ही आदिवासी समुदाय को काफी उम्मीदें जुड़ गई हैं। हालांकि हमारे यहां राष्ट्रपति से आम लोगों को बहुत अपेक्षा नहीं रहती है। लंबे समय से इस पद को एक तरह से शोभा का पद बना दिया गया है। जो भी राजनीतिक दल सत्ता में होता है, उसकी कोशिश होती है कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को इस पद पर बैठाए, जो उसके फैसलों और नीतियों के विरुद्ध न जाए। इस समुदाय के लोगों की दुश्वारियां किसी से छिपी नहीं हैं। खासकर इनके जंगल और जमीन पर कारपोरेट के बढ़ते कब्जे को रोकने के लिए जिस तरह की सरकारी संवेदनशीलता की जरूरत है, वह नहीं दिखाई देती। फिर अपनी जमीन बचाने के लिए उनके संघर्ष को कुचलने के लिए जैसी दमनकारी नीतियां बनाई और अपनाई जाती हैं, वे भी किसी से छिपी नहीं हैं। उनके जीवन में बेहतरी की उम्मीद तभी बनेगी, जब उन्हें गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार मिलेगा।

मुर्मू से इसे दिलाने की अपेक्षा स्वतरू जुड़ गई है। झारखंड की राज्यपाल रहते हुए उन्होंने केंद्र की लकीर से अलग हट कर कई फैसले किए। जब भी कभी आदिवासी समुदाय पर कोई संकट आया, तो वे खुद वहां गई और प्रशासन को दिशा-निर्देश दिए। इसलिए द्रौपदी मुर्मू बेशक राजग की प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ कर इस पद पर पहुंची हैं, पर उनके पिछले कामों को देखते हुए लोगों की स्वाभाविक अपेक्षा है कि कम से कम वे अपने समुदाय के लोगों के जीवन में बेहतरी लाने के प्रयास करेंगी। हालांकि उनके शपथ ग्रहण के बाद केंद्रीय गृहमंत्री ने भरोसा दिलाया है।

# उत्तर मध्य रेलवे मे राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार में बहुआयामी प्रगति के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में कार्मिक विभाग में किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में कार्मिक विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अवधेश कुमार द्वारा मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार कार्मिक विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी शशिकांत सिंह ने कहा कि हमारी रेलवे और कार्यालय पूरी तरह हिंदीभाषी क्षेत्र में है, अतरू हमें कर्तव्य भावना के साथ अपने सरकारी कार्यों में हिंदी का ही प्रयोग करना चाहिए। सिंह ने कार्मिक विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार की सराहना की। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अवधेश कुमार ने कहा कि कार्मिक विभाग राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और हिंदी में शत प्रतिशत कार्य के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इस अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/वित्त और बजट शैलेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे। राजभाषा प्रदर्शनी का संयोजन एवं समन्वय उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय ने किया।

कार्यक्रम में कार्मिक विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार और आकर्षक एवं सुरुचिपूर्ण प्रस्तुति के लिए मुख्य राजभाषा अधिकारी द्वारा कार्मिक विभाग को रु. 11000/- का समूह पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई।

# इलाहाबाद संग्रहालय में आजादी का अमृत महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया



रे.स.ब्यूरो./सूत्र आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश इलाहाबाद संग्रहालय एवं जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आजाद जी की जयंती दिनांक २३ जुलाई २०२२ को प्रयागराज उत्तर प्रदेश हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई।

प्रदर्शनी कवि सम्मेलन नुक्कड़ नाटक क्विज प्रतियोगिता के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के अंदर राष्ट्रीय चेतना पैदा हुई, प्रदर्शनी का उद्घाटन संजय गोयल जी मंडल आयुक्त प्रयागराज विशिष्ट अतिथि अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी जी, आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने हाथों में शहीदों के प्रति लिखे हुए स्लोगन एवं तिरंगा हाथों में लेकर रैली निकाली, तदुपरांत केंद्रीय विद्यालय की प्रांगण में बच्चों के समक्ष समन्वयक अवधेश अवस्थी एवं रुपाली पांडे ने आजादी की अमृत महोत्सव से जुड़े प्रश्नों को बच्चों से पूछ कर प्रथम द्वितीय तृतीय ग्रुप को पुरस्कृत किया गया सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रकाश की विभिन्न चौराहों पर आजादी से जुड़े नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जो प्रातः ६:०० बजे से साइन कल ५:०० बजे तक चला।

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी से जुड़े अभिलेख प्रदर्शनी इलाहाबाद संग्रहालय में लगी जिसका उद्घाटन आयुक्त इलाहाबाद ने किया।

राष्ट्रीय चेतना के स्वर गुंजायमान हुए अपराहन ३:०० बजे से ५:०० बजे तक चला बाद संग्रहालय के सभागार में देश के प्रतिष्ठित रचनाकारों के माध्यम से जिन्होंने प्रयागराज में अपनी महती भूमिका अदा की है, कवि सम्मेलन का शुभारंभ डॉ आभा श्रीवास्तव की वाणी वंदना के साथ हुआ उन्होंने वाणी वंदना के साथ साथ काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला। करके नमन शहीदों को जीवन संवार लें, आंखों में राणा और सुभाष को उतार ले। तदुपरांत कवि श्लेष गौतम ने आजाद जी को समर्पित अपनी रचना प्रस्तुत श्रोताओं को आह्लादित कर डाला। हार नहीं मानी आजाद ने आगे बढ़ बलिदान दिया, मान दिया पूरी दुनिया में भारत को सम्मान दिया। तदुपरांत संचालन कर रहे प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर ने अपनी रचनाओं से लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद जी की जीवनी को चार पंक्तियों में ढालकर श्रोताओं को भाव विभोर कर डाला ।

गोलियों पर चढ़ी जवानी है,  
आंख में देश का ही पानी है,  
आखिरी वक्त आखिरी गोली,  
चंद्रशेखर की ये कहानी है।

तत्पश्चात देश के प्रख्यात नवगीतकार यश मालवीय ने अपनी रचना पढ़ श्रोताओं को सोचनें पर विवश कर दिया। दबे पैरों से उजाला आ रहा है फिर कथाओं को खंगाला जा रहा है। अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार अजामिल जी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई जी रहे,। लोक एवं जनजातीय कला एवं संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी जी एवं पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सर्वर ने रचनाकारों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय खत्री सहित प्रयागराज के समस्त जिला प्रशासन अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# रेल मदद, एप से त्वरित निराकरण में सर्वश्रेष्ठ योगदान निभाने वाले रेल कर्मियों हुए सम्मानित



रे.स.ब्यूरो.सूत्र/बिलासपुरः रेल मदद एप द्वारा यात्रियों से प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के त्वरित निराकरण में सर्वश्रेष्ठ योगदान एवं भूमिका निभाने वाले रेल कर्मियों को दिनांक २५ जुलाई, २०२२ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक लोक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। यात्रियों से प्राप्त समस्याओं / शिकायतों के त्वरित निपटान करने में और फिर उनसे फीडबैक लेने में महाप्रबंधक महोदय /अपर महाप्रबंधक महोदय के निर्देशों व अनुदेशों के बाद पूरे भारतीय रेल में हमारे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है । इसी कड़ी में माह अप्रैल, मई एवं जून २०२२ (तीन माह) के लिए सम्मानित होने वाले रेल कर्मियों में अलू गणेश, मुख्य वाणिज्य अधीक्षक, विनोद कुमार यादव श्रेष्ठ, आरपीएफ, हर्षल चौहान, कामर्शियल क्लर्क, प्रकाश सिंगनल एवं दूरसंचार/ नागपुर, रवि वेरनम मुख्य वाणिज्य अधीक्षक, एन. के. रेड्डी मुख्य वाणिज्य अधीक्षक, प्रमोद कुमार यादव यात्रिक, पी. रजईय्य आरपीएफ, एस. मुस्तकिन आरपीएफ, बी. सिंह आरपीएफ, विनोद कुमार सीनियर सेक्शन इजीनियर, राज कुमार यादव आरपीएफ सम्मिलित थे। प्रधानमंत्री की डिजिटल पहलों के अनुरूप भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करते हुए रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने के लिये रेलवे के द्वारा पिछले ३ वर्षो से 'रेल मदद' नाम से एक एप जारी किया है । रेल मदद एप यात्रियों की शिकायतों को दर्ज कर शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें लगातार जानकारी मुहैया कराता है। यात्री को इस एप पर रजिस्टेशन के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध कराकर रेलवे द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी भी एसएमएस द्वारा दी जाती है । पूर्व में रेलवे के द्वारा जितनी भी हेल्पलाईन नंबर इस्तेमाल में थी उन सभी को 'रेल मदद' एप में समाहित की गई है । हेल्पलाईन नंबर १३६ पर भी काल करने से 'रेल मदद' द्वारा यात्रियों की समस्याओं का निराकरण किए जा रहे है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष २०२२-२३ के दौरान अप्रैल' से अब तक रेल मदद द्वारा रेल यात्रियों की लगभग १०३४५ शिकायत प्राप्त हुए, जिनका शत-प्रतिशत समाधान किया गया ।

# "Azadi ka Amrit Mahotsav" BLW Railway Protection Force Honoured Freedom Fighter Shri Sitaram Shastri

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

Source CPRO: Banaras Locomotive Works salutes the courage, valor and devotement of the brave soldiers and freedom fighters of India, who did not hesitate to sacrifice their lives for their motherland and faced every situation with perseverance. On the occasion of **"Azadi ka Amrit Mahotsav"** on completion of 75 years of independence, under the guidance of General Manager Ms. Anjali Goyal and under the able guidance of Principal Chief Security Commissioner, RPF, Ranveer Singh Chauhan, among one of the many brave warriors, 104-year-old freedom fighter Shri Sitaram Shastri honored by BLW, RPF Assistant Security Commissioner Deepak Singh Chauhan, Public Relations Officer Rajesh Kumar, Inspector In-charge, Administration Post K. K. Singh, Sub Inspector Anil Kumar , assistant Sub Inspector Satyendra Kumar Mishra, Constable Swastik Choudhary and Constable Pankaj Singh and expressed gratitude on behalf of the nation in the presence of the Railway Protection Force by visiting his native village Gangapur, Varanasi. Sitaram Shastri, who has attained the culmination of might, is a symbol of pride and glory of 'Maa Bharati'. Shastri ji has played very important role in the freedom struggle of India. Told many unforgettable tales of the valor saga against the British during the British rule. Shastri's contribution in protecting the motherland is incomparable. BLW salutes all the brave sons of the country.

# डॉ जे.पी. रावत ने ग्रहण किया प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक का कार्यभार



रे.स.ब्यूरो.सवां प्रयागराज/उत्तर प्रदेश के बाराबंकी मूल निवासी डॉ जे.पी. रावत ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बाराबंकी से और एमबीबीएस केजीएमसी लखनऊ से और उसके बाद मनोचिकित्सा में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय, कॉलेज -टीएनएमसी बी वाई एल नायर अस्पताल मुंबई सेंट्रल से मनोरोग चिकित्सा में डिप्लोमा में प्रथम रैंक प्राप्त किया। डॉ जे.पी. रावत रेलवे में अपनी सेवा पश्चिम रेलवे स्वास्थ्य इकाई अमलनेर, जिला जलगांव, मुंबई मंडल से प्रारंभ की। उन्होंने जगजीवन राम रेलवे अस्पताल मुंबई सेंट्रल में एडीएमओ, डीएमओ, सीनियर डीएमओ के रूप में भी काम किया, फिर उप मुख्य चिकित्सा निदेशक/टी एंड ए चर्चगेट मुंबई के रूप में कार्य किया। इसके बाद २०१७ तक जगजीवन राम रेलवे अस्पताल मुंबई में मनोचिकित्सक के रूप में काम किया। उन्होंने जगजीवन राम अस्पताल मुंबई सेंट्रल में कार्य करने के दौरान मुंबई के कॉलेज ऑफ फिजिशियन और सर्जन से मान्यता प्राप्त मनोचिकित्सा में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स विकसित किया। यहां से २० से अधिक छात्रों ने मनोरोग चिकित्सा पाठ्यक्रम में डिप्लोमा उत्तीर्ण किया है। मनोचिकित्सक के रूप में इनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में कई पेपर प्रकाशित हुए। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने कोरोना के प्रति जागरूकता और इससे बचाव के लिए १२ से अधिक ऑडियो क्लिप बनाए। उनके प्रयासों ने रेलवे लाभार्थियों में घबराहट, चिंता और भावनात्मक सदमे से संबंधित मौतों को कम किया।



मुंशी प्रेमचंद्र जी के वंशज एवं मुंशी प्रेमचंद्र लमही महोत्सव के संस्थापक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव जी के द्वारा सम्मान प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसमें प्रमुख संरक्षण कुलपति तिवारी महंत श्री काशी विश्वनाथ मंदिर डॉ चंद्रभान सुकुमार पूर्व जिला जज एवं प्रख्यात गजल कार श्री प्रकाश श्रीवास्तव गणेश जी प्रख्यात समाजसेवी डॉक्टर दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव संस्थापक मुंशी प्रेमचंद्र लमही महोत्सव एवं इंद्रजीत तिवारी निर्भीक जी एवं हम लोगों के गार्जियन उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा जी के सानिध्य में सम्मान यह प्राप्त हुआ.

## पैसेंजर रेलगाड़ी का अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी के रूप में पुनः संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए निम्नलिखित पैसेंजर गाड़ी का अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी के रूप में पुनः संचालन (Restoration) किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी संख्या 04101/04102 कानपुर अनवरगंज-प्रयागराज संगम-कानपुर अनवरगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी (प्रतिदिन)**

कानपुर अनवरगंज से गाड़ी संख्या 04102, प्रतिदिन, दिनांक : 08.08.2022 से अगले आदेश तक

प्रयागराज संगम से गाड़ी संख्या 04101, प्रतिदिन, दिनांक : 08.08.2022 से अगले आदेश तक

समय एवं ठहराव

| गाड़ी संख्या - 04102 | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 04101 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ----- | 02:40 | कानपुर अनवरगंज | 22:55 | ----- |
| 02:50 | 02:55 | कानपुर सेन्ट्रल | 22:30 | 22:35 |
| 03:06 | 03:07 | कानपुर ब्रिज | 22:16 | 22:17 |
| 03:15 | 03:16 | मगरवाला | 22:08 | 22:09 |
| 03:25 | 03:26 | उन्नाव जंक्शन | 21:56 | 21:58 |
| 03:46 | 03:47 | कोरारी | 21:44 | 21:45 |
| 03:54 | 03:55 | अचलगंज | 21:37 | 21:38 |
| 04:02 | 04:03 | बंद हमीरपुर | 21:30 | 21:31 |
| 04:09 | 04:10 | टिकौली रावतपुर | 21:23 | 21:24 |
| 04:18 | 04:19 | कुलहा हाल्ट | 21:15 | 21:16 |
| 04:26 | 04:28 | बीघा पुर | 21:07 | 21:08 |
| 04:37 | 04:38 | इन्दामऊ | 20:58 | 20:59 |
| 04:44 | 04:46 | तकिया | 20:49 | 20:50 |
| 04:55 | 04:56 | बैसवारा | 20:38 | 20:39 |
| 05:03 | 05:05 | रघुराज सिंह | 20:29 | 20:30 |
| 05:13 | 05:14 | निहस्ता हाल्ट | 20:19 | 20:20 |
| 05:23 | 05:25 | लालगंज | 20:06 | 20:08 |
| 05:34 | 05:35 | बहाई | 19:58 | 19:59 |
| 05:43 | 05:45 | डलमऊ जंक्शन | 19:38 | 19:40 |
| 05:54 | 05:55 | बराड़ा बुजुर्ग | 19:19 | 19:20 |
| 06:04 | 06:05 | जलालपुर धई | 19:08 | 19:09 |
| 06:14 | 06:15 | मंझेलपुर | 18:57 | 18:58 |
| 06:22 | 06:23 | ईश्वरदास पुर | 18:49 | 18:50 |
| 06:31 | 06:33 | ऊँचाहार जंक्शन | 18:33 | 18:35 |
| 06:40 | 06:41 | अरखा | 18:25 | 18:26 |
| 06:50 | 06:51 | परियावाँ कालाकाँकर रोड | 17:59 | 18:00 |
| 07:03 | 07:04 | गढ़ी मानिकपुर | 17:27 | 17:28 |
| 07:21 | 07:23 | कुण्डाहरनामगंज | 17:13 | 17:15 |
| 07:32 | 07:33 | भदरी | 17:05 | 17:06 |
| 07:42 | 07:43 | लालगोपालगंज | 16:56 | 16:57 |
| 07:57 | 07:58 | रामचौरारोड़ | 16:47 | 16:48 |
| 08:14 | 08:15 | अटरामपुर | 16:38 | 16:39 |
| 08:29 | 08:30 | सराय गोपाल | 16:28 | 16:29 |
| 08:37 | 08:38 | फाफामऊ जंक्शन | 16:20 | 16:21 |
| 08:51 | 08:53 | प्रयाग | 16:03 | 16:05 |
| 09:15 | ----- | प्रयागराज संगम | ----- | 15:45 |

**गाड़ी संरचना :** एसएलआर- 02 एवं सामान्य श्रेणी- 10

उत्तर मध्य रेलवे North central railways @CPRONCR 1001/22 (AN)

# तरंगा हिल-अंबाजी-अबू रोड नई रेल लाइन को मिली कैबिनेट की मंजूरी



पसूका/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने २७९८. १६ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से रेल मंत्रालय द्वारा बनाई जाने वाली तरंगा हिल-अंबाजी- आबू रोड नई रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नई रेल लाइन की कुल लंबाई ११६.६५ किलोमीटर होगी। यह परियोजना २०२६-२७ तक पूरी हो जाएगी। यह परियोजना निर्माण के दौरान लगभग ४० लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की परिकल्पना के अनुरूप, यह परियोजना कनेक्टिविटी बढ़ाने और आवाजाही में सुधार करने जा रही है जिससे क्षेत्र का समग्र सामाजिक - आर्थिक विकास होगा। अंबाजी एक प्रसिद्ध महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है और भारत में ५१ शक्तिपीठों में से एक है और हर साल गुजरात के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों व विदेशों से लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। इस लाइन के बनने से इन लाखों श्रद्धालुओं को यात्र में आसानी होगी। इसके अलावा, तरंगा हिल में अजीतनाथ जैन मंदिर (२४ पवित्र जैन तीर्थकरों में से एक) के दर्शन करने वाले भक्तों को भी इस संपर्क (कनेक्टिविटी) से बहुत लाभ होगा। तरंगा हिल-अंबाजी- आबू रोड के बीच यह नई रेलवे लाइन इन दो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को रेलवे के मुख्य नेटवर्क से जोड़ेगी।

यह लाइन कृषि और स्थानीय उत्पादों को तेजी से लाने-ले जाने की सुविधा प्रदान करेगी और गुजरात व राजस्थान राज्य के भीतर तथा देश के अन्य हिस्सों में भी लोगों की बेहतर आवाजाही प्रदान करेगी।

यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद- आबू रोड रेलवे लाइन के लिए वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करेगी। प्रस्तावित दोहरीकरण के जुड़ने से राजस्थान के सिरोही जिले और गुजरात के बनासकांठा और मेहसाणा जिलों से होकर गुजरेगी। नई रेल लाइन के निर्माण से निवेश आकर्षित होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।

**हमारे ग्राहक**

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया चित्रकूट धाम कर्वी का निरीक्षण




रे.स.ब्यूरो./संवाः महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार द्वारा झाँसी मंडल के चित्रकूट धाम कर्वी क्षेत्र का दिनांक २०.०७. २२ को निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने स्टेशन के नए भवन के प्रारूप पर चर्चा की ताकि स्टेशन को भव्य रूप दिया जा सके। उल्लेखनीय है चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन का पुनर्विकास होना है जिससे स्टेशन पर पर्यटक और दर्शनार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि होगी। महाप्रबंधक ने चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान साफ – सफाई के साथ, प्रस्तावित पर्यटक साइडिंग तथा प्लेटफार्म, सरकुलेटिंग एरिया आदि की व्यवस्था को जांचा। कुमार ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर बल दिया तथा सम्बंधित अधकारियों को निर्देशित करते हुए यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं देने की बात कही। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान यात्रियों से बात की और उनसे रेल संबंधी विचारों को साझा किया। चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पर ही स्थानीय DRUCC सदस्यों के साथ विभिन्न यात्री सुविधाओं में वृद्धि, नए फुट ओवर ब्रिज, गाड़ियों का ठहराव तथा मूलभूत सुविधाओं के साथ स्थानीय विषयों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक झाँसी आशुतोष, मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा उनके परिवार को किया गया सम्मानित




रे.स.ब्यूरो.सूत्र/हाजीपुर देश भर में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान एवं बलिदान का स्मरण करते हुए देश प्रेम की भावना को और प्रबल करने हेतु भारतीय रेल द्वारा आयोजित आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन सप्ताह का आज समारोह पूर्वक समापन हुआ। विदित हो कि स्वतंत्रता के ७५ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन के अंतर्गत आइकॉनिक सप्ताह के तहत् १८ जुलाई, २०२२ से २३ जुलाई, २०२२ तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमृत महोत्सव के इस आइकॉनिक सप्ताह के दौरान भारतीय रेल द्वारा देश के स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया गया। मुख्य समापन समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया गया । इस समारोह में माननीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी, माननीया रेल एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश, रेल राज्य मंत्री, राव साहेब पाटिल दानवे, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी/ रेलवे बोर्ड विनय कुमार त्रिपाठी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके परिजन तथा अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। यह समारोह वीडियो लिंक के माध्यम से सम्पूर्ण भारतीय रेल के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नामित ७५ स्टेशनों से जुड़ा था। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा पटना से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समारोह में शामिल हुए। साथ ही पूर्व मध्य रेल के सभी चयनित ०६ स्टेशन वीडियो लिंक से जुड़े रहे जहां मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक सहित आमजन उपस्थित थे। मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा सभी अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा संस्मरण साझा किया । इस आइकॉनिक सप्ताह की शुरूआत १८ जुलाई, २०२२ को की गई थी। इस उत्सव का फोकस स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े देश के ७५ स्टेशन और २७ स्पॉट लाइट ट्रेनें रहीं। भारतीय रेल के चयनित ७५ स्टेशनों में पूर्व मध्य रेल के बापूधाम मोतिहारी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, खुदीराम बोस पूसा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., पटना जं. एवं आरा स्टेशनों पर आइकॉनिक सप्ताह के दौरान देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस दौरान पूर्व मध्य रेल में ०७ फोटो एक्जीविशन, ०६ सेल्फी प्वाइंट्स लगाए गए। साथ ही २० प्रभात फेरी निकाले गए एवं ५३ नुक्कड़ नाटक आदि के जरिए स्वतंत्रा सेनानियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आइकॉनिक वीक के समापन पर आज स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने वाले ''चंपारण सत्याग्रह'' के लिए महात्मा गांधी ट्रेन से बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पहुंचे थे। इसी याद में आज मुजफ्फरपुर स्टेशन से बापूधाम मोतिहारी/बेतिया के लिए हेरिटेज स्पेशल चलाया गया। इस अवसर पर बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पर आयोजित समारोह में ०७ स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सदस्यों को समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल पंबधक ने सम्मानित किया। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना और आरा में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वतंत्रता सेनानी/ उनके परिवार के सदस्य को सम्मानित किया गया ।

पटना में ०२ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा ०६ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्य को दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने सम्मानित किया। आरा स्टेशन पर भी स्वतंत्रता सेनानी/ स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सदस्य को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में ०१ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा ०६ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्य को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया ।

# वरुणा का जल्द होगा उद्धार
## सामाजिक संस्था लोक चेतना की मुहिम रंग लाई



रे.स.ब्यूरो./सूत्र वाराणसी। काशी की प्राचीन नदी वरुणा को गंगा की सहायक नदी के रुप में मान्यता के साथ-साथ वाराणसी के नामकरण में भी देखा जाता है। असी नदी प्रशासन की उदासीनता के कारण लगभग समाप्त हो गयी है। वरुणा नफी पर भी लगभग फो दशक पूर्व भू-माफियाओं की दृष्टि पड़ी और अतिक्रमण कर प्लाटिंग का काम प्रारम्भ कर दिया गया। उक्त बातें सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ने के.के.उपाध्याय ने कही। कहाकि लोक चेतना संस्था ने इसके लिए व्यापक जनान्दोलन शुरु किया। लोक चेतना के आंदोलन को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुधि ली और तत्कालीन सपा सरकार ने वरुणा कारिडोर के नाम से एक कार्ययोजना बनाकर इसमें जल परिवहन, पिकनिक स्पाट पाथवे के लिये पहल की। लेकिन वह कथित रुप से भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गयी। उपाध्याय ने जिला प्रशासन से लगायत प्रदेश सरकार के तमाम मंत्रियों को पीएम मोदी के नाम संबोधित पत्र देते हुए ध्यान आकर्षित कराया है। इसी क्रम में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। केशव प्रसाद ने वरुणा के शीघ्र उद्धार का आश्वासन दिया।

## प्रयागराज मंडल की छवि यादव ने जीता रजत पदक




रे.स.ब्यूरो/सूत्रः प्रयागराज वर्ड रेलवे क्रास कन्ट्री चौम्पियनशिप १० किमी में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में कार्यरत छवि यादव ने सिल्वर पदक प्राप्त किया और टीम आल ओवर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यह क्रास कन्ट्री १५ जुलाई को बर्लिन, जर्मनी में हुई थी। छवि यादव वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग शाखा में कार्यरत है। इनकी इस उपलब्धि पर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने इनको बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि, भविष्य में भी वो इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए उपलब्धि अर्जित करती रहेंगी। उत्तर मध्य रेलवे की कोच सुश्री रागिनी ने छवि यादव की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

# रेलकर्मी फिर पाएंगे रात्रिकालीन भत्ता

रे.स.ब्यूरो/सूत्र.प्रयागराज रेलवे में रात्रिकालीन ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर। रेलवे में रात्रिकालीन भत्ता एक बार फिर से बहाल होने जा रहा है। वित्त मंत्रालय, डिर्पाटमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग (डीओपीटी) की मंजूरी मिलने के बाद रेल मंत्रालय ने भी नाइट अलाउंस बहाल करने पर अपनी मुहर लगा दी है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के संयुक्त सचिव अवस्थापना (पी एंड ए) एनपी सिंह ने सभी जोनल रेलवे द्वारा इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया है। इसका लाभ मुख्य रूप से टिकट कलेक्टर एवं अन्य चेकिंग स्टाफ, लोको पॉयलट, गार्ड, रनिंग स्टाफ, कंट्रोलर, जूनियर इंजीनियर आदि पदों पर कार्यरत ऐसे कर्मचारियों को मिलेगा, जो नाइट ड्यूटी भी करते हैं। रात्रि कालीन भत्ता बहाली होने के बाद इसका फायदा एनसीआर के प्रयागराज झांसी एवं आगरा मंडल में कार्यरत तकरीबन १५ हजार कर्मचारियों को मिलेगा। बतादें कि कोरोना के दौरान ही रेलवे द्वारा सितंबर २०२० में ४३६०० से ज्यादा वेतन पाने वाले रेलकर्मियों के नाइट अलाउंस पर रेल मंत्रालय द्वारा रोक लगा दी गई थी। नार्थ सेंट्रल रेलवे इंपलाइज संघ, मेंस यूनियन के साथ एआईआरएफ और एनएफआईआर के पुरजोर विरोध के बाद रेल मंत्रालय ने इस मांग को गंभीरता से लिया। वहीं रेलवे द्वारा नाइट अलाउंस देने का फरमान भले ही जारी कर दिया हो लेकिन इसमें पिछला एरियर नहीं दिए जाने की भी बात स्पष्ट की गई है।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

# चन्द्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर दुर्लभ अभिलेख प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



रे.स.ब्यूरो/सूत्रः प्रयागराज आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के जन्म दिवस दिनांक २३ जुलाई, २०२२ के अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार (संस्कृति विभाग) प्रयागराज इलाहाबाद संग्रहालय एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में दुर्लभ अभिलेख एवं डाक प्रदर्शनी का आयोजन इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन संजय गोयल, मण्डलायुक्त प्रयागराज, संजय खत्री, जिलाधिकारी प्रयागराज, राकेश कुमार सिंह, आई०जी०रेंज प्रयागराज, शैलेष पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज, अतुल द्विवेदी, निदेशक लोककला जनजाति केन्द्र, डॉ० अखिलेख सिंह निदेशक संग्रहालय इलाहाबाद, मो० मोहसिन नूरी, क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी, गुलाम सरवर, पाण्डुलिपि अधिकारी, प्रयागराज द्वारा संयुक्त रूप में किया गया।

प्रदर्शनी में महत्वपूर्ण अभिलेखों द्वारा अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का जन्म स्थान, उनके द्वारा हस्तलिखित पत्र, काकोरी का इतिहास, शहीद ठाकुर रोशन सिंह, शहीद अशफाक उल्ला, राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी से सम्बन्धित दुर्लभ अभिलेखों को प्रदर्शित किया गया।

मण्डलायुक्त महोदय ने शहीदों के सम्मान में लगाई गई प्रदर्शनी की प्रशंसा की और इस दिशा में और भी उत्तम कार्य करने के लिए निर्देश प्रदान किये।

इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा, हरिश्चन्द्र दुबे, डॉ० शाकिरा तलत, विकास यादव, रोशन लाल आदि के साथ संग्रहालय के सभी सहयोगियों की उपस्थिति रही।

> हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
>
> डॉ जाकिर हुसैन

# महिला कल्याण संगठन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से अध्यक्षा पूनम कुमार द्वारा रेलवे महिला कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारियों के परिवार की महिला सदस्यों के लिए दिनांक २७.०७.२०२२ को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ स्पन्दन क्लब, रेल गॉव कालोनी, सूबेदारगंज,प्रयागराज में किया गया। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कैंप में ५० से अधिक महिलाओं की निरूशुल्क जांच की गई।केन्द्रीय चिकित्सालय/ उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा रेलवे महिला कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारियों के परिवार की महिला सदस्यों के लिए निःशुल्क चिकित्सा चेकअप जैसे- नियमित परीक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी.शुगर, लिवर, किडनी, लिपिड प्रोफाइल, पल्स, यूरिन, स्त्री रोग से संबंधित इत्यादि टेस्ट एवं परामर्श दिये गये।इस अवसर पर सचिव वन्दना मिश्रा, अलका मेहता, गीतांजलि वर्मा, माधुरी सिंह, नूपुर अग्रवाल, पूर्णिमा सिंह, डा. रूपा कपिल, साधना गुप्ता, सुप्रिया सिन्हा, अलका अग्रवाल, मंजुलिका मिश्रा,रिचा वर्मा,मौसमी चौधरी, प्रीति मिश्रा के साथ -साथ संगठन की अन्य सदस्यायें भी उपस्थित रहीं।

# अनुराग ठाकुर ने किया डीपीडी की तीन पुस्तकों का विमोचन



पसूका/नई दिल्लीः केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रकाशन विभाग निदेशालय द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकों का विमोचन किया। विमोचन के बाद मंत्री ने उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु, निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में इन पुस्तकों की पहली प्रति भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेंट की। ये तीन पुस्तकें हैं: १.मूड्स, मूमेंट्स एंड मेमोरीज- फॉर्मर प्रेजिडेंट्स ऑफ इंडिया (१९५०-२०१७) विजुअल हिस्ट्री २.फर्स्ट सिटीजन - पिक्टोरियल रिकॉर्ड ऑफ प्रेजिडेंट रामनाथ कोविंद्स टर्म ३. इंटरप्रिटिंग जियोमेट्रीज - फ्लोरिंग ऑफ राष्ट्रपति भवन, इनमें पहली पुस्तक में एक सचित्र इतिहास है जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद से लेकर प्रणब मुखर्जी तक भारत के सभी राष्ट्रपतियों को शामिल किया गया है। इसमें राष्ट्रपति भवन के अभिलेखागार से प्राप्त दुर्लभ तस्वीरें हैं। ये तस्वीरें इस ऐतिहासिक भवन में हमारे राष्ट्रपतियों के व्यक्तिगत और सार्वजनिक दोनों जीवन के कुछ अनूठे पहलुओं को उजागर करती हैं। दूसरी पुस्तक राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यकाल को समर्पित है। इसमें कोविंद के गांव और उनके स्कूल के दिनों की दुर्लभ तस्वीरें हैं। ये उनके गांव से राष्ट्रपति भवन तक की इस यात्रा को बताती है। ये पुस्तक पाठकों को बताती है कि कैसे एक चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि से आया लड़का भारत में सर्वोच्च पद पर आसीन हुआ। तीसरी पुस्तक चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर द्वारा तैयार की गई एक सचित्र पुस्तक है और इसमें राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक और अपने आप में अनूठे फर्श का जिक्र है। इसे बहुत ही अनूठे, दोहराव वाले रूपांकनों और दुर्लभ पत्थरों के डिजाइन व इस्तेमाल के साथ दिखाया गया है। ज्यामितीय पृष्ठभूमि पर उभरे हुए फ्लोरल पैटर्न्स का खास अध्ययन किया गया है। ये पुस्तक उन कारीगरों की उच्चतम कारीगरी को प्रदर्शित करती है जिन्होंने इस निवास को बनाने के लिए १८ वर्षों तक अथक परिश्रम किया। राष्ट्रपति भवन के फर्शो पर की गई इतनी बारीक डिजाइन, जो एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, ये इस पुस्तक को एक संग्रह करने लायक चीज बनाती हैं।

# कौशल राज शर्मा बने रहेंगे वाराणसी के डीएम



रे.स.ब्यूरो.संवा/उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए। जिनमे २००६ बैच के आईएएस अधिकारी और वाराणसी के जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा को प्रयागराज का कमिश्नर नियुक्त किया गया। उनकी जगह एस. राजलिंगम वाराणसी के नए जिलाधिकारी बनाए गए थे। लेकिन योगी सरकार ने शुक्रवार दिनांक २६.०७.२०२२ की देर रात फैसला लिया कि कौशल राज शर्मा वाराणसी के जिलाधिकारी बने रहेंगे। बतादें की पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में ५७वें जिलाधिकारी के रूप में कौशलराज शर्मा ने नवंबर २०१६ में को कार्यभार ग्रहण किया था।

## सीबीएसई दसवीं परीक्षा में सुहानी सिंह ने हासिल किए ९८.२ प्रतिशत अंक



रे.स.ब्यूरो.प्रयागराज/ प्रयागराज के जगत तारन गोल्डेन जुबिली स्कूल की छात्रा सुहानी सिंह ने सीबीएसई दसवीं परीक्षा मे ९८.२ प्रतिशत अंक हासिल किया है। बैहराना के तुलाराम बाग के रहने वाली सुहानी सिंह के पिता नीरज कुमार सिंह एजी आफिस वरिष्ठ एकाउंटेंट हैं और माँ संगीता सिंह ग्रहणी हैं। पूछने पर सुहानी सिंह ने बताया की वह साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं। सुहानी सिंह कहती हैं की उनके माता-पिता उनके आदर्श हैं।

# कोर मे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में महाप्रबंधक अरुण कुमार, की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी रेल विद्युतीकरण परियोजनाओं के साथ वर्चुअल बैठक दिनांक २७.०७.२०२२ को आयोजित की गई । महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्यालय द्वारा क तथा ख क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों को अनिवार्य रूप से हिंदी में पत्र भेजने के आदेश दिए । उन्होंने रेल मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक का हवाला देते हुए व्यक्तिसह आदेश के अनुसार शत-प्रतिशत हिंदी में काम करने पर जोर दिया। इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य बिजली इंजीनियर एस.एस.नेगी, ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं ऑनलाइन जुड़े मुख्य परियोजना निदेशकों का स्वागत करते हुए ज्ञानवती सक्सेना, मुख्य कार्यालय अधीक्षक/रेवि/अम्बाला को अखिल रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उन्होंने राजभाषा के कार्यान्वयन की दिशा में परियोजनाओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने कर कमलों से रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत अधिकारी/कर्मचारी को प्रमाण-पत्र

# संजय पारासर एन.आर.यू.सी.सी. के सदस्य नियुक्त



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रसिद्ध अभिनेता एवं समाज सेवी संजय पारासर को एन.आर.यू.सी.सी. (नेशनल रेलवे यूजर कंसल्टिव कमेटी) का सदस्य बनाया गया है। संजय पारासर एन.आर.यू.सी.सी.में जैड.आर.यू.सी.सी. का प्रतिनिधित्व होगें। जैड.आर.यू.सी.सी. के सदस्य बनने वाले संजय पारासर सोनीपत से एकमात्र गैर- राजनीतिक व्यक्ति हैं। रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संजय पारासर ने बताया कि उनकी प्राथमिकता रेलयात्रियों की समस्याओं को हल करवाना रहेगा। इसके साथ ही रेल मंत्री से मिलकर उन ट्रेनों को शुरु किया जाएगा, जो कोरोनाकाल से रुकी हुई हैं तथा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा इंतजामों को भी दुरुस्त किया जाएगा। संजय पारासर ने जानकारी दी कि एक साथ हाई स्पीड की ३०० से ज्यादा ट्रेनें टैक पर उतरने को तैयार हैं। इन ट्रेनों के संचालन के बाद दैनिक यात्रियों को काफी सुविधा होगी। गंतव्य पर पहुंचने के लिए बेहद कम समय लगेगा । उन्होंने रेलवे स्टेशन अधीक्षक से रेलवे स्टेशन पर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी ली।

**पाठकों से अनुरोध**

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040